# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 16 अप्रैल 2024, मंगलवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा जम्मू के पलौरा में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के नारे को हमने पूरा किया।**

**********************

**धारा 370 के जाने से आतंकवाद अपनी अंतिम साँसे गिन रहा है।**

**********************

**हम कब्जा करने वालों में से नहीं हैं। जब घाटी वासियों का प्यार मिलेगा, तब कमल खिलेगा।**

**********************

**काँग्रेस, पीडीपी ने जम्मू कश्मीर को जम्हूरियत से दूर रखा। मोदी जी ने पंचायत के चुनाव करवा कर लोकतंत्र से जोड़ा।**

**********************

**आज पाकिस्तान के नारे नहीं, भारत माता की जय से गूँज रहा है जम्मू-कश्मीर**

**********************

**मोदी 3.0 में सीमावर्ती गाँवों का जम्मू जैसा विकास होगा**

**********************

**मोदी सरकार ने गुर्जरों का आरक्षण कम किए बिना वंचितों को आरक्षण देकर सबके साथ न्याय किया**

**********************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज मंगलवार को जम्मू के पलौरा में जनसभा को संबोधित किया और सभी भाजपा प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश भाजपा प्रदेश ध्यक्ष श्री रविंद्र रैना, राज्यसभा सांसद श्री गुलाम अली खटाना और जम्मू लोकसभा प्रत्याशी श्री जुगल किशोर शर्मा सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे। श्री शाह ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों पर जोर देते हुए अनुच्छेद 370 के उन्मूलन सहित जम्मू-कश्मीर में किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के विकास की उपेक्षा के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं डोगरी जैसी क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने में भाजपा के प्रयासों की सराहना की।

श्री शाह ने कहा कि आगामी लोकसभा में श्री जुगल किशोर शर्मा को दिया हुआ हर एक मत आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगा। भाजपा के पहले अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जम्मू में बलिदान को याद करके भाजपा के हर एक कार्यकर्ता के रोंगटे खड़े हो जाते है। **डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान" नही चलेंगे, भाजपा ने 2014 में इस नारे को मांग के रूप में देखा और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त कर दिया। आज पूरे देश**

**की तरह जम्मू कश्मीर में भी शान से देश का तिरंगा लहरा रहा है।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान और प्रेम नाथ डोगरा के आंदोलन को आज पूरा देश सफल होता देख रहा है।

जम्मू कश्मीर के बदलते तस्वीर कि चर्चा करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीबों को घर, शौचालय, नल से जल, निशुल्क राशन, 5 लाख तक का निशुल्क इलाज जैसी सुविधाएं दी हैं। कांग्रेस शासन में जम्मू कश्मीर में आए दिन पत्थरबाजी और आतंकवादी हमले हुआ करते थे लेकिन **धारा 370 को समाप्त होने के बाद जम्मू कश्मीर से आतंक खत्म हो गया है और जिन युवाओं के हाथ में पत्थर होते थे उनके हाथ में लैपटॉप है।** विपक्षी दलों ने कभी भी जम्मू कश्मीर में अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, गुज्जर-बकरवाल को आरक्षण नहीं दिया। पीडीपी और एनसी के कार्यकर्ता गुर्जर समाज को आरक्षण खत्म करने का भय दिखाते थे। लेकिन **भाजपा सरकार ने 1% भी आरक्षण कम किए बिना उन्हें न्याय दिलाया है।** आज भाजपा सरकार के कार्यकाल में गुर्जर, पहाड़ी, बकरवाल, ओबीसी, दलित और महिलाओं को आरक्षण मिल रहा है। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्षों से लंबित वन रैंक वन पेंशन की मांग को पूरा किया है।** जम्मू में 4 नए मेडिकल कॉलेज, 14 नर्सिंग कॉलेज, 7 बीएससी पेरा मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम, 25 डिग्री कॉलेज, 2 इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित किए गए है। **जम्मू के विजयपुर में एम्स, बक्शी नगर में कैंसर अस्पताल निर्माणाधीन है। पहले जम्मू के छात्र दूसरे राज्यों में पढ़ने के लिए जाते थे लेकिन आज दूसरे राज्यों के बच्चे जम्मू में पढ़ने के लिए आते हैं और यह परिवर्तन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ही संभव हो पाया है।** जम्मू में 18 औद्योगिक एस्टेट, हजारों करोड़ का निवेश किया जा रहा है, 34 अमृत परियोजनाएं, 104 स्मार्ट सीटी की योजनाएं लागू की गई हैं।

श्री शाह ने बताया कि **मोदी सरकार द्वारा सबसे पहले इलेक्ट्रिक बस की सौगात जम्मू राज्य को ही दी गई थी।** दिल्ली-अमृतसर-कटरा सड़कमार्ग का निर्माण हो रहा है और रिंग रोड का कार्य 90% से ज्यादा पूरा हो चुका है। **जम्मू कश्मीर में ₹30 हजार करोड़ की लागत से हाइड्रो पावर उत्पादन के माध्यम हजारों मेगा वाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है।** जम्मू पुंछ 4 लेन की सड़क बन रही है, अनेक फ्लाइओवर्स का निर्माण किया जा रहा है और रावी नदी पर आर्टिफिशियल झील बनाकर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अलावा सुचेतगढ़ सीमा चौकी पर वाघा बॉर्डर की तर्ज पर विकास कार्य किया जा रहा है। **डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की कश्मीर से कन्याकुमारी की दूरी को खत्म की कल्पना भी कश्मीर से कन्याकुमारी तक जाने वाली ट्रेन के माध्यम से पूरी होने जा रही है।**

धारा 370 हटने से होने वाले लाभ को रेखांकित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी नौकरियों में पारदर्शिता लेकर आए हैं और आतंकवाद में लिप्त परिवारों को नौकरियों से दूर रखा है। **आज जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान समर्थक नारे नहीं बल्कि भारत माता की जय के नारे लग रहे हैं और यह परिवर्तन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व के कारण ही संभव हो पाया है।** पहले पीडीपी नेत्री महबूबा मुफ्ती कहती थी कि यदि धारा 370 हटती है तो तिरंगे को कंधा देने वाला कोई नहीं रहेगा, लेकिन उन्हें यह समझना होगा कि **हमारा तिरंगा अजर है, अमर है और यह हमेशा रहेगा। धारा 370 हटने से महिलाओं को पैतृक संपत्ति में अधिकार मिला है, अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी को आरक्षण मिला है और वाइब्रन्ट विलेज प्रोग्राम के तहत गांवों का विकास किया जा रहा है।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सीमाओं से सटे गांवों को जम्मू की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। **कांग्रेस, पीडीपी और एनसी जैसी वंशवादी पार्टी ने जम्मू कश्मीर में लोकतंत्र को दबाए रखा था, इनके नेता जनप्रतिनिधि बनकर आते थे और पंचायत चुनाव नहीं होने देते थे, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 40 हजार पंचायत के लोगों को उनका लोकतांत्रिक अधिकार दिया है।**

श्री शाह ने कहा कि आज देश भर के श्रद्धालु बिना किसी डर के **अमरनाथ, वैष्णो देवी मंदिर दर्शन कर पा रहे हैं और जम्मू कश्मीर एक खुशहाल क्षेत्र बन गया है**। श्री शाह ने एनसी और पीडीपी पर तंज कसते हुए कहा इन दोनों दलों ने डोगरा और डोगरी जाति का अपमान किया है, और महाराजा हरि सिंह का कभी सम्मान नहीं किया परन्तु

भाजपा ने महाराजा हरि सिंह की जयंती पर अवकाश घोषित करके उन्हें सम्मान दिया है। **भारतीय जनसंघ के समय से डोगरी भाषा के लिए लंबी लड़ाई चलती आई है, पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने डोगरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र जी ने डोगरी को आधिकारिक भाषा घोषित कर डोगरा समाज को सम्मान दिया है।** भाजपा ने जम्मू कश्मीर में बहुत सारे बदलाव किए गए है। लखनपुर टोल टैक्स बंद करना, महिलाओं को 33 आरक्षण प्रदान करना और पहाड़ी समाज की आरक्षण की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करना इन बदलावों के उदाहण हैं। इसके अलावा यहां की जनता को शिक्षा का अधिकार, वन अधिकार, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, व्हिसिल ब्लोअर्स संरक्षण अधिनियम और अल्पसंख्यक आयोग दिया है।

कांग्रेस, पीडीपी और एनसी पर प्रहार करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा **कि कांग्रेस, पीडीपी और एनसी ने जम्मू कश्मीर के युवाओं का शोषण किया है, इनके शासनकाल में फर्जी एनकाउंटर होते थे और कश्मीर के बच्चों के हाथों में हथियार थमाए जाते थे, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने फर्जी एनकाउंटर बंद किए हैं और रोजगार बढ़ाए हैं।** आज जम्मू कश्मीर की पश्मीना साड़ी, कश्मीरी सेब और हस्तशिल्प को देश के कोने कोने में प्रसिद्धि मिल रही है। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने होम स्टे नीति को लागू करके घर से धन कमाने का मार्ग प्रशस्त किया है।** भाजपा सरकार ने जम्मू कश्मीर में 2 लाख माताओं को लखपति बनाया, अब तक पूरे देश में 1 करोड़ लखपति दीदी बनी है और यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने तय किया है अब तीन करोड़ लखपति दीदी बनने वाली है। उन्होंने कहा कि 70 साल से अधिक आयु के हर वर्ग के बुजर्गों को आयुष्मान भारत का लाभ मिलेगा, जम्मू कश्मीर में पाइप से गैस मिलेगा और सिलेंडर की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जम्मू कश्मीर में शांति स्थापित करके जम्मू कश्मीर के विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। भाजपा सरकार ने हड़ताल पथराव और आतंकवाद को समाप्त किया जिससे विकास की शुरुआत हो गई।**

श्री शाह ने कहा कि विपक्ष भाजपा पर घाटियों पर कब्जा करने का आरोप लगाता है, मगर भाजपा घाटियों पर कब्जा नहीं बल्कि जनता का दिल जीतने वालों में से है। **इस कार्यक्रम में बहुत दूर दूर से पहाड़ी गुर्जर समुदाय के लोग भाजपा की सभा सुनने आए हैं, क्योंकि यह सभी मोदी के मुरीद है। जनता का प्यार मिलेगा तो घाटी में भी कमल खिलेगा।** श्री अमित शाह ने जनता से मात्र अपने परिवार के लिए काम करने वाली परिवारवादी पार्टियों को वोट न देने और जम्मू कश्मीर को विकास के पथ पर अग्रसर करने लिए भाजपा को लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

**************************